# 9 सैंपल पेपर

**[Difficult Concept]**

निर्धारित समय : 3 घंटे] [पूर्णांक : 80

**सामान्य निर्देशः**

निम्नलिखित निर्देशों को बहुत सावधानी से पढ़िए और उनका सख्ती से अनुपालन कीजिएः

1. इस प्रश्नपत्र में कुल 15 प्रश्न हैं। सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।
2. इस प्रश्नपत्र में कुल चार खंड हैं– क, ख, ग, घ।
3. खंड-क में कुल 2 प्रश्न हैं, जिनमें उपप्रश्नों की संख्या 10 है।
4. खंड-ख में कुल 4 प्रश्न हैं, जिनमें उपप्रश्नों की संख्या 20 है। दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए 16 उपप्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है।
5. खंड-ग में कुल 5 प्रश्न हैं, जिनमें उपप्रश्नों की संख्या 21 है।
6. खंड-घ में कुल 4 प्रश्न हैं, सभी प्रश्नों के साथ उनके विकल्प भी दिए गए हैं।
7. प्रश्नों के उत्तर दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए लिखिए।

## खंड–'क' (अपठित बोध)

**1. निम्नलिखित गद्यांश पर आधारित पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए– (7)**

हमारा भारत बहुत प्यारा तथा प्राचीन संस्कृति वाला महान देश है। हम भारतवासी भी अपने देश को स्वर्ग से बढ़कर मानते थे। सभी भारतवासी मिल-जुलकर रहते थे, अतिथि को भगवान मानकर पूजा किया करते थे। स्वतंत्रता के बाद हमारे प्यारे देश को कई समस्याओं ने आ घेरा। यदि समय रहते इनका उपचार न किया तो हमारा देश विकास की दौड़ में पिछड़ जाएगा। आतंकवाद, भ्रष्टाचार, सांप्रदायिकता, बेरोजगारी, बढ़ती जनसंख्या तथा सामाजिक असुरक्षा आदि अनेक समस्याएँ मुँह बाए खड़ी हैं। हम जानते हैं कि व्यक्ति सामाजिक प्राणी है। कोई भी व्यक्ति चाहे कितना ही शक्तिशाली तथा धनी क्यों न हो, अकेला रहकर जीवन व्यतीत नहीं कर सकता। समाज में रहते हुए एक-दूसरे की सहायता करनी पड़ती है तथा सहायता लेनी भी पड़ती है। समाज में रहते हुए मनुष्य कभी भी अपने को असुरक्षित नहीं समझता। लेकिन वर्तमान समय में क्या मनुष्य अपने को सुरक्षित समझता है। चारों तरफ का वातावरण–भयावना वातावरण, पीड़ित लोगों की चीखें, आए दिन दर्दनाक खबरों से भरे अखबार हमें सामाजिक असुरक्षा का अहसास करा रहे हैं। अति सुरक्षित समझे जाने वाले राज्यों में भी अपहरण और बलात्कार जैसी आपराधिक गतिविधियों का धंधा काफी फल-फूल रहा है। ऐसे में जनता की सुरक्षा का दायित्व कौन उठाएगा।

समाज में रहते हुए मनुष्य अपने को सुरक्षित कैसे समझे! इसके लिए जरूरी है, सबसे पहले उन कारणों को जानना, जो समस्याओं को उत्पन्न करने में सहायक हैं। वे कारण हैं–जनसंख्या वृद्धि, स्वार्थ-सिद्धि, धन लोलुपता, महँगाई, झूठी मान-मर्यादा तथा फैशनपरस्ती आदि। जीवन-निर्वाह के लिए जरूरी साधनों की कमी के कारण भ्रष्टाचार, मिलावट व जमाखोरी का बोलबाला है। स्वार्थ-सिद्धि के लिए मनुष्य एक-दूसरे के खून का प्यासा हो गया। भाई भाई को मारने लगा। मनुष्य ने अपनी जरूरतों को इस हद तक बढ़ा लिया है कि वह उन्हें पूरा करना चाहता है, तरीका चाहे कोई भी हो। समाज में रहते हुए मनुष्य को एक अच्छा सुरक्षित नागरिक बनकर रहना चाहिए, तभी मनुष्य तथा देश का कल्याण होगा। इसके लिए मंगल-कामना तथा कल्याण की भावना का होना बहुत जरूरी है। सभी मनुष्यों को निस्वार्थी बन देश-हित को सर्वोपरि मानना चाहिए तभी देश तथा समाज में शांति स्थापित होगी। धैर्य, क्षमा, पवित्रता, आत्म-संयम, सत्य, अक्रोध आदि सद्गुणों को धारण कर मनुष्य समाज-कल्याण कर सकता है। सच्चा व्यक्ति ही कल्याण की कामना करता है।

**(*i*) प्राचीन भारतीय संस्कृति की क्या विशेषता/विशेषताएँ थी/थीं? उचित विकल्प का चयन कीजिए–** 1

1. यहाँ अतिथि को भगवान मानकर पूजा की जाती थी।
2. यहाँ लोग मिलजुलकर रहते थे।
3. लोग अपने देश को स्वर्ग से बढ़कर मानते थे।
4. यहाँ केवल हिंदू धर्म मानने वाले लोग रहते थे।

**विकल्प**

(क) कथन 1 और 2 सही हैं
(ख) कथन 1, 2 और 4 सही हैं।
(ग) केवल कथन 3 सही है।
(घ) कथन 1, 2 और 3 सही हैं।

**(*ii*) कथन (A) और कारण (R) को पढ़कर उपयुक्त विकल्प चुनिए–** 1

**कथन (A) :** कोई भी व्यक्ति शक्तिशाली तथा धनी होने पर भी अकेला जीवन व्यतीत नहीं कर सकता।

**कारण (R) :** मनुष्य एक सामाजिक प्राणी है।

(क) कथन (A) गलत है, किंतु कारण (R) सही है।
(ख) कथन (A) और कारण (R) दोनों ही गलत हैं।
(ग) कथन (A) सही है और कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या है।
(घ) कथन (A) सही है, किंतु कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या नहीं है।

**(*iii*) देश तथा समाज में तभी शांति स्थापित की जा सकती है जब** ________________ । 1

(क) हम स्वार्थी बनकर देशहित को सर्वोपरि नहीं मानेंगे।
(ख) हम निस्वार्थी बनकर देशहित को सर्वोपरि मानेंगे।
(ग) हम धैर्य, आत्म-संयम और अक्रोध का परित्याग कर देंगे।
(घ) हम अपनी सुरक्षा को सबसे अधिक महत्व देंगे।

**(*iv*) व्यक्ति सामाजिक प्राणी है। इस कथन को स्पष्ट कीजिए।** 2

**(*v*) समाज में असुरक्षा की भावना क्यों बढ़ती जा रही है?** 2

**2. निम्नलिखित काव्यांश पर आधारित पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए–** **(7)**

जो बल था उसकी वाणी में, बल वह नहीं हथौड़ों में,
बड़े-बड़ों में ढूँढ़ा, पर ना गांधी मिला करोड़ों में।
वह धोती, वह लकुटिया और हड्डियों का ढाँचा,
जिसमें ढली आत्मा यह, वह था विशेष दुर्लभ साँचा
कम बोले पर करे अधिक, जो कम बैठे और अधिक चले,
कम ले जो विश्राम कि उसके दिन का सूरज नहीं ढले,
ऐसा मनुज-इकाई में है, कहाँ खोजते जोड़ों में।
बाल न बाँका हुआ तनिक चालीस कोटि आबादी का
आज़ादी को यहाँ घेरकर लाया धागा खादी का,
भौतिक बल के बलवानों ने, निर्बल का बल तब परखा,
जब अबाध गति से घर-घर में घूमा गांधी का चरखा।
धार छिपी तलवारों की थी, उन तकली के तोड़ों में।
दुर्बल की साधारण काया, किंतु असाधारण माया,
एक मंत्र से जनता जागी, चली साथ बन पद-छाया,
नमक-दायिनी धरती थी जब, कर-कानूनों से जकड़ी

दो टाँगें बन के विराट, चल पड़ीं हाथ में लिए छड़ी।
उस गति में जो वेग भरा था, वेग नहीं वह घोड़ों में।
अमृत का घट दिया राष्ट्र को, राष्ट्र-पिता ने ज़हर पिया,

**(*i*) 'वह धोती, वह लकुटिया और हड्डियों का ढाँचा जिसमें ढली आत्मा यह, वह था विशेष दुर्लभ साँचा।'**

**उपर्युक्त पंक्तियों में ____________ के बारे में बात की जा रही है।** **1**

(क) सरदार वल्लभभाई पटेल (ख) लोकमान्य बाल गंगाधर तिलक
(ग) विनोबा भावे (घ) मोहनदास करमचंद गांधी

**(*ii*) कथन (A) और कारण (R) को पढ़कर उचित विकल्प चुनिए–** **1**

**कथन (A) :** साधारण काया होते हुए भी गांधी जी ने असाधारण काम किया।
**कारण (R) :** गांधी जी सत्य व अहिंसा के पुजारी थे।

(क) कथन (A) गलत है, किंतु कारण (R) सही है।
(ख) कथन (A) और कारण (R) दोनों ही गलत हैं।
(ग) कथन (A) सही है और कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या है।
(घ) कथन (A) सही है, किंतु कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या नहीं है।

**(*iii*) 'अमृत का घट दिया राष्ट्र को, राष्ट्रपिता ने ज़हर पिया' इस पंक्ति का क्या आशय है? उचित विकल्प का चयन कीजिए।** **1**

1. गांधी जी ने स्वयं ज़हर का प्याला पिया।
2. गांधी जी ने संसार को अमृत का घड़ा दिया।
3. गांधी जी ने .जहर के घूँट स्वयं पीकर देश को स्वाधीनता का अमृतघट दिया।
4. राष्ट्रपिता ने देश-हित के लिए ज़हर का प्याला पी लिया।

**विकल्प**

(क) कथन 1 और 2 सही है। (ख) कथन 1, 3 और 4 सही हैं।
(ग) केवल कथन 3 सही हैं। (घ) कथन 1, 2 और 4 सही हैं।

**(*iv*) काव्यांश के आधार पर महात्मा गांधी के व्यक्तित्व पर प्रकाश डालें।** **2**

**(*v*) चल पड़ी हाथ में लिए छड़ी–पंक्ति के माध्यम से कवि क्या कहना चाहता है?** **2**

## खंड–'ख' (व्यावहारिक व्याकरण)

**3. 'रचना के आधार पर वाक्य भेद' पर आधारित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर दीजिए–** **(1 × 4 = 4)**

(*i*) एक सिक्किमी नवयुवक ने मुझे बताया कि प्रदूषण के चलते स्नोफॉल लगातार कम होती जा रही है।– रचना के आधार पर वाक्य भेद लिखिए।

(*ii*) यह धर्मचक्र है जिसे घुमाने से सारे पाप धुल जाते हैं। – इस वाक्य को सरल वाक्य में रूपांतरित कीजिए।

(*iii*) ज्योंहि बाबू जी ओहार उधारकर दुलहिन का मुख निरखने लगते, त्योंहि हम लोग हँसकर भाग जाते। – इस वाक्य को संयुक्त वाक्य में रूपांतरित कीजिए।

(*iv*) 1. श्याम परिश्रमी है ____________ वह सफल हुआ। (संयुक्त वाक्य)
2. ____________ परिश्रम करता है ____________ अवश्य ही सफल होता है (मिश्र वाक्य)
कोष्ठक में दिए गए निर्देशानुसार वाक्यों को पूरा करने के लिए सही शब्द लिखिए।

(*v*) मुझे कल जयपुर जाना था ____________ नहीं जा सकी।

उपर्युक्त वाक्य को संयुक्त बनाने के लिए उचित संयोजक लिखिए।

**4. 'वाच्य' पर आधारित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर दीजिए–** **(1 × 4 = 4)**

(*i*) इतनी तेज बारिश में अब और नहीं चला जाता। – यह वाक्य भाववाच्य है क्योंकि इसमें ———— अनुपस्थित है। (सही शब्द से रिक्त स्थान की पूर्ति करें)

(*ii*) कर्मवाच्य में क्रिया सदैव ———— होती है। (सही शब्द से रिक्त स्थान की पूर्ति करें)

(*iii*) सैनिक द्‌वारा ब्रह्मपुत्र में बम फेंककर हजारों मछलियाँ मार दी जाती थी। इस वाक्य में कौन-सा वाच्य है?

(*iv*) पूजा-पाठ कर चुकने के बाद वह राम-राम लिखने लगते। इस वाक्य को कर्मवाच्य में बदलिए।

(*v*) बिना इस बाहरी दबाव के वे लिख ही नहीं पाते। – इस वाक्य को भाववाच्य में बदलिए।

**5. 'पद परिचय' पर आधारित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के रेखांकित पदों का पद-परिचय लिखिए–(1 × 4 = 4)**

(*i*) माधवी शीघ्रतापूर्वक अपना कार्य कर लेगी।

(*ii*) हिमालय की तीसरी सबसे बड़ी चोटी कंचनजंघा।

(*iii*) माताजी के लिए थोड़ा भोजन लेकर आइए।

(*iv*) आम की फ़सल में कभी-कभी खूब आँधी आती है।

(*v*) वे दौड़ते हुए पाठशाला में आए।

**6. 'अलंकार' पर आधारित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों की रेखांकित काव्य पंक्तियों में अलंकार पहचान कर लिखिए–** **(1 × 4 = 4)**

(*i*) वन-शारदी चंद्रिका चादर ओढ़े।

(*ii*) थककर सोई है मेरी मौन-व्यथा

(*iii*) हमारैं हरि हारिल की लकरी

(*iv*) आलिंगन में आते-आते मुसकया कर जो भाग गया।

(*v*) मनु दृग करि अनेक जमुन निरजत व्रज सोभा

## खंड–'ग' (पाठ्यपुस्तक एवं पूरक पाठ्यपुस्तक)

**7. निम्नलिखित पठित गद्‌यांश पर आधारित बहुविकल्पीय प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प चुनकर लिखिए–** **(1 × 5 = 5)**

एक संस्कृत व्यक्ति किसी नयी चीज की खोज करता है किंतु उसकी संतान को वह अपने पूर्वज से अनायास ही प्राप्त हो जाती है। जिस व्यक्ति की बुद्धि ने अथवा उसके विवेक ने किसी भी नए तथ्य का दर्शन किया, वह व्यक्ति ही वास्तविक संस्कृत व्यक्ति है और उसकी संतान जिसे अपने पूर्वज से वह वस्तु अनायास ही प्राप्त हो गई है, वह अपने पूर्वज की भाँति सभ्य भले ही बन जाए, संस्कृत नहीं कहला सकता। एक आधुनिक उदाहरण लें। न्यूटन ने गुरुत्वाकर्षण के सिद्धांत का आविष्कार किया। वह संस्कृत मानव था। आज के युग का भौतिक विज्ञान का विद्यार्थी न्यूटन के गुरुत्वाकर्षण से तो परिचित है ही, लेकिन उसके साथ उसे और भी अनेक बातों का ज्ञान प्राप्त है जिनसे शायद न्यूटन अपरिचित ही रहा। ऐसा होने पर भी हम आज के भौतिक विज्ञान के विद्यार्थी को न्यूटन की अपेक्षा अधिक सभ्य भले ही कह सके; पर न्यूटन जितना संस्कृत नहीं कह सकते।

**(*i*) एक संस्कृत व्यक्ति की क्या पहचान है?**

(क) वह किसी नयी चीज़ की खोज करता है।

(ख) वह अपने पूर्वज की भाँति सभ्य नहीं होता।

(ग) वह कोई भी वस्तु अनायास ही प्राप्त कर लेता है।

(घ) वह किसी नए तथ्य का दर्शन नहीं करता।

**(*ii*) अपने पूर्वज से अनायास ही कोई भी वस्तु प्राप्त करने वाले व्यक्ति को संस्कृत व्यक्ति नहीं कहा जा सकता क्योंकि– उचित विकल्प का चयन कीजिए–**

1. वह अपने पूर्वज की भाँति सभ्य होता है।
2. वह स्वयं ही कोई भी वस्तु प्राप्त कर लेता है।
3. वह किसी नयी चीज़ की खोज करता है।
4. वह अपनी बुद्धि और विवेक से किसी नए तथ्य की खोज नहीं करता।

**विकल्प**

(क) कथन 1 और 2 सही है।
(ख) कथन 1, 2 और 3 सही हैं।
(ग) केवल कथन 4 सही हैं।
(घ) कथन 1, 3 और 4 सही हैं।

**(*iii*) गद्यांश में एक संस्कृत व्यक्ति का क्या वर्णन किया गया है? कथन के लिए विकल्प का चयन कीजिए–**

1. शारीरिक गठन
2. बद्धि
3. विवेक
4. अनुभव

**विकल्प**

(क) कथन 1 सही है।
(ख) कथन 2 और 3 सही हैं।
(ग) कथन 1 और 4 सही हैं।
(घ) केवल कथन 4 सही हैं।

**(*iv*) आज के भौतिक विज्ञान के विद्यार्थी को न्यूटन जितना संस्कृत नहीं कहा जा सकता क्योंकि ———— ।**

(क) उसने अपनी बुद्धि और विवेक के बल पर नए तथ्य गुरुत्वाकर्षण के सिद्धांत की खोज की।
(ख) संस्कृत व्यक्ति किसी नए तथ्य का प्रयोग करता है।
(ग) उसे और भी अनेक बातों का ज्ञान प्राप्त होता है।
(घ) वह न्यूटन की अपेक्षा अधिक सभ्य होता है।

**(*v*) कथन (A) और कारण (R) को पढ़कर उपयुक्त विकल्प चुनिए–**

**कथन (A) :** एक संस्कृत व्यक्ति अपनी बुद्धि और विवेक के बल पर किसी नए तथ्य की खोज करता है।
**कारण (R) :** गुरुत्वाकर्षण के सिद्धांत का आविष्कार करने वाला न्यूटन एक संस्कृत व्यक्ति था।

(क) कथन (A) गलत है, किंतु कारण (R) सही है।
(ख) कथन (A) और कारण (R) दोनों ही गलत हैं।
(ग) कथन (A) सही है और कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या है।
(घ) कथन (A) सही है, किंतु कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या नहीं है।

**8. गद्य पाठों के आधार पर निम्नलिखित चार प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर लगभग 25-30 शब्दों में लिखिए– (2 × 3 = 6)**

(क) नवाब साहब को लेखक का डिब्बे में आना पसंद नहीं आया। 'लखनवी अंदाज़' पाठ के आधार पर स्पष्ट कीजिए।

(ख) 'होश सँभालने के बाद से ही पिताजी से किसी-न-किसी बात पर हमेशा मेरी टक्कर ही चलती रही।' मन्नू भंडारी का अपने पिता से वैचारिक मतभेद था। 'एक कहानी यह भी' पाठ के आधार पर बताइए कि दोनों में किस तरह के मतभेद थे?

(ग) बिस्मिल्ला खाँ वास्तविक अर्थों में एक सच्चे इंसान थे। 'नौबतखाने में इबादत' पाठ के आधार पर समझाइए।

(घ) 'महत्व मूर्ति के रंग-रूप या कद का नहीं, उस भावना का है वरना तो देशभक्ति भी आजकल मज़ाक की चीज होती जा रही है।'

देशभक्ति की भावना आजकल मज़ाक की चीज क्यों बनती जा रही है? 'नेताजी का चश्मा' पाठ के आधार पर लिखिए।

**10. निर्धारित कविताओं के आधार पर निम्नलिखित चार प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर लगभग 25-30 शब्दों में लिखिएः** **(2 × 3 = 6)**

(क) 'अट नहीं रही है' कविता में फागुन की आभा एवं प्राकृतिक सौंदर्य का सुंदर चित्रण हुआ है। कविता के आधार पर लिखिए।

(ख) 'वह आवाज़ सुंदर कमजोर काँपती हुई थी।' संगतकार की आवाज उसकी कमजोरी नहीं है। कविता के आधार पर स्पष्ट कीजिए।

(ग) "रूपांतर है सूरज की किरणों का
सिमटा हुआ संकोच है हवा की थिरकन का!"
प्रस्तुत पंक्तियों का भाव स्पष्ट कीजिए।

(घ) "बादल, गरजो!
घेर घेर घोर गगन, धाराधर ओ!"
बादलों की गर्जना का आह्वान कवि क्यों करना चाहते हैं? 'उत्साह' कविता के आधार पर लिखिए।

**11. पूरक पाठ्यपुस्तक के पाठों पर आधारित निम्नलिखित तीन प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लगभग 50-60 शब्दों में लिखिए–** **(4 × 2 = 8)**

(क) 'मैं खिलाती हूँ। मरदुए क्या जाने कि बच्चों को कैसे खिलाना चाहिए, और महतारी के हाथ से खाने पर बच्चों का पेट भी भरता है।'
इस कथन के संदर्भ में माँ के बच्चे के प्रति व्यक्त वात्सल्य भाव को अपने शब्दों में लिखिए।

(ख) 'मैं तंद्रिल अवस्था में ही थोड़ी दूर तक निकल आई थी कि अचानक पाँवों पर ब्रेक सी लगी....।' लेखिका कौन-सा दृश्य देखकर हतप्रभ रह गई और क्यों?

(ग) बाहर का दबाव वास्तव में दबाव नहीं रहता, वह मानो भीतरी उन्मेष का निमित्त बन जाता है।" आप लेखक के इस कथन से सहमत है या असहमत तर्क सहित उत्तर दीजिए।

## खंड–'घ' (रचनात्मक लेखन)

**12. निम्नलिखित तीन विषयों में से किसी एक विषय पर 120 शब्दों में अनुच्छेद लिखिए–** **(6 × 1 = 6)**

**(क) जननी और जन्मभूमि**
**संकेत-बिंदु–** • भूमिका • जननी और जन्मभूमि का महत्व • मानव का कर्तव्य

**(ख) भौतिकवादी युग और मनुष्य**
**संकेत-बिंदु–** • वर्तमान समय • व्यस्त दिनचर्या • वास्तविक सुख

**(ग) सच्चा सुख निरोगी काया**
**संकेत-बिंदु–** • वर्तमान जीवन शैली • स्वास्थ्य पर प्रभाव • योग और पौष्टिक भोजन का महत्व

**13. (क)** आपका नाम आशीष/आशा है। आपने बाढ़ पीड़ितों की मदद के अभियान में हिस्सा लिया है। आप इसके बारे में अपने मित्र को बताना चाहते हैं। उसे अपने कार्यों का विवरण देते हुए लगभग 100 शब्दों में पत्र लिखिए। **(5 × 1 = 5)**

**अथवा**

**(ख)** आप आकांक्षा/आकाश हैं। गत कुछ दिनों से आपके क्षेत्र में लड़कियों को छेड़ने के अपराध बढ़ने लगे हैं, जिससे आप चिंतित हैं। इन अपराधों की रोकथाम के लिए थानाध्यक्ष को लगभग 100 शब्दों में पत्र लिखिए।

**9. निम्नलिखित पठित पद्यांश पर आधारित बहुविकल्पीय प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प चुनकर लिखिए–** **(1 × 5 = 5)**

बादल, गरजो!
घेर घेर घोर गगन, धाराधर ओ!
ललित-ललित, काले घुँघराले,
बाल कल्पना के-से पाले,
विद्युत-छवि उर में, कवि नवजीवन वाले!
वज्र छिपा, नूतन कविता
फिर भर दो–
बादल, गरजो!

***(i)* काव्यांश में बादलों को किस रूप में प्रस्तुत किया गया है?**

(क) क्रांतिकारी के रूप में (ख) निर्माणकर्ता के रूप में
(ग) विनाशकारी के रूप में (घ) बारिश के रूप में

***(ii)* किसी कवि की नयी कविता की तरह बादल के हृदय में भरी हुई है– उचित विकल्प का चयन कीजिए–**

1. तीव्र वेदना
2. गहरी सहानुभूति
3. नयी छवि
4. असीम ऊर्जा

**विकल्प**

(क) कथन 1 और 2 सही हैं। (ख) कथन 1, 2 और 3 सही हैं।
(ग) केवल कथन 4 सही हैं। (घ) कथन 1, 3 और 4 सही हैं।

***(iii)* कथन (A) और कारण (R) को पढ़कर उपयुक्त विकल्प चुनिए–**

**कथन (A) :** कवि बादलों से घिर-घिरकर घोर ढंग से गरजने के लिए कहता है।

**कारण (R) :** बादलों के अंदर वज्र के समान अपार शक्ति मौजूद है।

(क) कथन (A) गलत है, किंतु कारण (R) सही है।
(ख) कथन (A) और कारण (R) दोनों ही गलत हैं।
(ग) कथन (A) सही है और कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या है।
(घ) कथन (A) सही है, किंतु कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या नहीं है।

***(iv)* कवि बादलों से गरजने का आह्वान करता है क्योंकि– उचित विकल्प का चयन कीजिए।**

1. बादलों की गर्जना में एक कठोरता है।
2. बादलों की गर्जना से नए उत्साह का सृजन होगा।
3. उनमें किसी कल्पना का विस्तार समाया हुआ है।
4. उनमें वज्र के समान शक्ति है।

**विकल्प**

(क) कथन 1 और 2 सही हैं। (ख) कथन 1, 2 और 3 सही हैं।
(ग) केवल कथन 2 सही हैं। (घ) कथन 1, 3 और 4 सही हैं।

***(v)* काले-काले घुँघराले बादलों का अनगढ़ रूप कवि को कैसा लगा?**

(क) मानो वे घनघोर गर्जना कर रहे हैं।
(ख) मानो वे वज्र के समान कठोर हैं।
(ग) मानो उनमें किसी बालक की कल्पना का विस्तार समाया है।
(घ) मानो वे किसी भी कल्पना से रहित हैं।

14. **(क)** आप महेश/महक हैं। आपने बी०ए० किया है और आपको कंप्यूटर का अच्छा ज्ञान है। आपको विद्युत आपूर्ति विभाग में कार्यालय सहायक के पद के लिए आवेदन करना है। इसके लिए आप लगभग 80 शब्दों में अपना एक संक्षिप्त स्ववृत्त लिखिए। **(5 × 1 = 5)**

**अथवा**

**(ख)** आप गार्गी/गौरव हैं। आप विकासपुरी, दिल्ली के निवासी हैं। अपने क्षेत्र में मच्छरों की दवाई के छिड़काव के लिए नगर-निगम अधिकारी के नाम लगभग 80 शब्दों में एक ई-मेल लिखिए।

15. **(क)** सूती कपड़ों की सेल से संबंधित आकर्षक विज्ञापन 40 शब्दों में तैयार कीजिए। **(4 × 1 = 4)**

**अथवा**

**(ख)** मदर्स-डे पर अपनी माता जी को शुभकामनाएँ देते हुए 40 शब्दों में एक संदेश लिखिए।